19/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

तीसरा भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन आज नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में शुरू हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नॉर्वे, स्वीडन, आइसलैंड, डेनमार्क और फिनलैंड के प्रधानमंत्रियों के साथ ओस्लो सिटी हॉल में आयोजित इस शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी और नवाचार, सतत विकास, नवीकरणीय ऊर्जा तथा डिजिटलीकरण प्रमुख क्षेत्र हैं। अक्टूबर 2025 से व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (TEPA) लागू होने के बाद, यह शिखर सम्मेलन व्यापार और निवेश संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रयास करेगा। इस समूह के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार वर्तमान में उन्नीस अरब डॉलर का है। यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र के साथ भारत के बहुआयामी सहयोग को विस्तार देने में सहायक होगा। साथ ही, यह आपसी हितों से जुड़े वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर भी प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आइसलैंड, फिनलैंड और डेनमार्क की प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं।

0000000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. पारनाईक रिटायर्ड ने राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि MSME अरुणाचल प्रदेश के

सामाजिक-आर्थिक विकास का मजबूत स्तंभ बन सकते हैं। आज नई दिल्ली में भारत में MSME सशक्तिकरण हेतु राज्य और केंद्र सरकारों के साथ रणनीतिक साझेदारी का नेतृत्व करने वाली ईशान इंटरनेशनल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सांतानु श्रीवास्तव के साथ बातचीत में राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश अपने समृद्ध प्राकृतिक संसाधनों, जनजातीय हस्तशिल्प, जैविक खेती की संभावनाओं, वन उत्पादों, पर्यटन अवसरों और विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत के कारण उद्यमिता और स्थानीय उद्योग विकास के लिए अपार संभावनाएं रखता है। उन्होंने कहा कि MSME युवाओं, महिलाओं, कारीगरों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों के लिए सतत आजीविका के अवसर पैदा कर सकते हैं। राज्यपाल ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर आधारभूत संरचना, वित्तीय सहायता, कौशल विकास, बाजार संपर्क और डिजिटल पहुंच के माध्यम से MSME समावेशी विकास को गति देने के साथ ही, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकते हैं तथा आत्मनिर्भर अरुणाचल और विकसित भारत के लक्ष्य में योगदान दे सकते हैं।

0000000000000000000000000

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सैन ने आज ईटानगर स्थित निर्वाचन भवन में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ राज्य स्तरीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी लीकेन कोयू तथा उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी शानिया

कायेम मिजे भी उपस्थित रहे। यह बैठक सोलह सितंबर 2025 को आयोजित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) की तैयारियों संबंधी पिछली बैठक के क्रम में आयोजित की गई तथा यह हाल ही में घोषित विशेष गहन पुनरीक्षण के चरण-तीन की गतिविधियों का हिस्सा थी।

0000000000000000000000000000

शिक्षा राज्य मंत्री पी.डी. सोना ने आज ईटानगर में अरुणाचल प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद की नौवीं परिषद बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्यभर में उच्च शिक्षा सुधारों और चल रहे आधारभूत संरचना विकास कार्यों की समीक्षा की गई। सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बैठक की जानकारी साझा करते हुए उन्होंने कहा कि बैठक में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान RUSA 1.0, RUSA 2.0 तथा प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान - PM-USHA के तहत हुई प्रगति का आकलन किया गया, जिसमें अधिकांश परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं या पूर्णता के करीब हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में संस्थागत विकास योजनाओं को अद्यतन करने, सभी संस्थानों के लिए भूमि स्वामित्व प्रमाण पत्र सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप संस्थानुसार रोडमैप तैयार करने जैसी प्रमुख प्राथमिकताओं को दोहराया गया।

श्री सोना ने कहा कि परिषद ने NAAC मान्यता, कौशल आधारित पाठ्यक्रमों, पाठ्यक्रम पुनर्गठन तथा नवाचार एवं अनुसंधान संस्कृति को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया।

0000000000000000000000000

तवांग जिला प्रशासन ने आज लुंगला सर्किल के अंतर्गत साजो स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में 'सेवा आपके द्वार 2.0' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। इस शिविर से साजो, पोइतो, दुगुम्बा, कुंगबा और आसपास के गांवों के निवासियों को लाभ मिला। शिविर में कुल बीस सरकारी विभागों ने भाग लिया और विभिन्न आवश्यक जनसेवाएं तथा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। प्रमुख सेवाओं में आधार नामांकन, जन सुनवाई, सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच, पशु चिकित्सा सेवाएं, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (AB-PMJAY) और ई-श्रम के अंतर्गत पंजीकरण आदि शामिल रहे।

0000000000000000000000000

प्रोजेक्ट पुरिसा के तहत इंको फ़ाउन्डेशन द्वारा आज जीरो के लेम्पिया स्थित अपने कार्यालय-सह-पुस्तकालय में कहानी वाचन सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्था की संस्थापक तागे ओनिया ने कार्यक्रम के उद्देश्यों और महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि यह कहानी वाचन सत्र स्कूली बच्चों में पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, क्योंकि आजकल कई बच्चे इंटरनेट और मोबाइल फोन पर अधिक निर्भर होते जा रहे हैं और धीरे-धीरे पुस्तकों के अध्ययन से दूर हो रहे हैं।

0000000000000000000000000000